UPSI120018472026

न्यायालय सिविल जज (जू०डि०)/न्यायिक मजिस्ट्रेट– बिसवाँ, सीतापुर।
पीठासीन अधिकारी(कुंवर दिव्यदर्शी)(उ०प्र०न्यायिक सेवा)UP3421
जमानत प्रार्थना पत्र संख्या–152/2026
प्रमोद कुमार बनाम सरकार उत्तर प्रदेश।

अपराध सं० 278/2025
धारा–281, 106, 324(4), 125(6) BNS
थाना मानपुर, जनपद– सीतापुर।

दिनाँक–12.03.2026

निस्तारण जमानत प्रार्थना पत्र

प्रस्तुत जमानत प्रार्थना पत्र थाना मानपुर जनपद सीतापुर पर पंजीकृत अपराध सं० 278/2025, अन्तर्गत धारा–281, 106, 324(4), 125(6) BNS में अभियुक्त **प्रमोद कुमार** की ओर से प्रस्तुत किया गया है। अभियुक्त आत्मसमर्पण के पश्चात न्यायिक अभिरक्षा में हैं।

अभियुक्त की ओर से जमानत प्रार्थना पत्र में यह कथन किया गया है कि उसे झूठा व रंजिशन फंसाया गया है। वह निर्दोष हैं। उसे जमानत पर रिहा किये जाने पर वह जमानत पर दुरुपयोग नहीं करेगा।

जमानत प्रार्थना पत्र पर सुना एवं सम्पूर्ण प्रपत्रों का सम्यक परिशीलन किया।

उपरोक्त समस्त तथ्यों एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए अभियुक्त**प्रमोद कुमार** को जमानत पर रिहा किए जाने का पर्याप्त आधार है।

आदेश

अभियुक्त **प्रमोद कुमार** द्वारा प्रस्तुत जमानत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। अभियुक्त को रुपये 20,000/– का व्यक्तिगत बंधपत्र व समान धनराशि की दो प्रतिभू प्रस्तुत करने पर जमानत पर रिहा किया जाये।

दिनाँक–12.03.2026

(कुंवर दिव्यदर्शी)
न्यायिक मजिस्ट्रेट
बिसवाँ, सीतापुर

दुर्गा शंकर (स्टेनो)/–